# लखनऊ नगर निगम

प्रेषक मुख्य नगर अधिकारी
लखनऊ नगर निगम
संख्या 796/न.नि.-रा०/2000
दिनांक 7.8.2000

सेवा में उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ ।

नत्थी –

विषय

**आश्रयहीनो हेतु भवन निर्माण हेतु भूमि का हस्तान्तरण ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या 77/ई॰ई॰-जोन-5/2000 दिनांक 5-8-2000 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे ।

उक्त पत्र द्वारा ग्राम पारा स्थित नगर निगम की 60 बीघे भूमि आश्रयहीन योजना के भवन बनाये जाने हेतु हस्तान्तरित किये जाने की अपेक्षा की गयी है । जिसका शिलान्यास माननीय प्रधानमन्त्री जी के आगामी कार्यक्रम मे किया जाना है ।

विषय की महत्ता व अनिवार्यता तथा समयबद्धता को देखते हुए ग्राम पारा स्थित निम्नलिखित नगर निगम मे निहित भूमियाँ जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा निर्धारित कृषिक भूमि की दर पर रु0 4 लाख प्रति बीघे के आधार पर मूल्य निर्धारित करते हुए हस्तान्तरित की जा रही है ।

माननीय कार्यकारिणी समिति एवम् माननीय नगर निगम सदन द्वारा लिए गये निर्णय मे निर्धारित शर्ते एवम् प्रतिबन्ध प्रभावी होगे ।

| खसरा संख्या | क्षेत्रफल | | |
|---|---|---|---|
| | बीघा | बिस्वा | बिस्वांसी |
| 2131 सं0 | 10 | 0 | 0 |
| 2205 सं0 | 4 | 10 | 0 |
| 2746 सं0 | 30 | 0 | 0 |
| 2855 सं0 | 8 | 0 | 0 |
| 2599 सं0 | 6 | 10 | 0 |
| | 59 | 0 | 0 |

प्रश्नगत हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि का मूल्य रु0 4 लाख प्रति बीघे की दर से रु0 2,36,00,000·00 का भुगतान अपेक्षित है ।

अतः अग्रेतर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें ।

Received a letter 7/8/2000 Jr. Er. Zone-5 (LDA)

भवदीय,

24 (28) (12)

## माननीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत आख्या

विभाग का नाम : सम्पत्ति विभाग

विषयः- आश्रयहीनो हेतु भवनो के निर्माण हेतु ग्राम पारा की 59 बीघा भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण को स्थानान्तरित किया जाना।

**आख्या का सारांशः**

उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 5·8·2000 द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि ग्राम पारा की लगभग 60 बीघा नगर निगम की उपलब्ध भूमि आश्रयहीन योजना के भवन निर्माण हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण को शीघ्र हस्तान्तरित कर दी जाए, क्योंकि मा0 प्रधानमंत्री जी के आगामी कार्यक्रम मे आश्रयहीन भवनो का शिलान्यास किया जाना है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उक्त प्रस्ताव पर ग्राम पारा की खसरा सं0 2131 सं0 2205 सं0 2746 सं0 2855 सं0 एवम् 2599 सं0 की कुल 59 बीघे भूमि हस्तान्तरण हेतु चिन्हित की गई। उक्त भूमि नगर निगम मे निहित है तथा स्थल पर खाली पड़ी है।

जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा निर्धारित कृषक भूमि की दर रु0 4 लाख प्रति बीघे की दर से प्रश्नगत 59 बीघे भूमि का मूल्य रु0 2,36,00,000·00 होता है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा हस्तान्तरित की जाने वाली खसरा सं0 2746 की 39-09 बीघा भूमि का ले आउट प्लान तैयार किया गया है जिसकी प्रति उपलब्ध कराई गई है।

यद्यपि लखनऊ विकास प्राधिकरण को उक्त खसरा संख्या की 30 बीघा भूमि ही दिया जाना प्रस्तावित किया गया था क्योंकि इसी खसरा सं0 की 5 बीघा भूमि पीपुल फार एनीमल्स संस्था की पशुवंशो के आश्रय एवम् चिकित्सालय निर्माण हेतु दिए जाने का प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति द्वारा पारित किया जा चुका है तथा मा0 सदन मे भी विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। मा0 सदन की उक्त बैठक का कार्यवृत्त अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा खसरा सं0 2746 की 39 बीघे भूमि प्लान तैयार कर लिए जाने के कारण उपलब्ध कराने पर बल दिया जा रहा है। अतएव पीपुल फार एनीमल्स को उपलब्ध भूमि मे से 5 बीघे भूमि आरक्षित कर ही शेष 59 बीघे भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराये जाने पर विचार किया जाना अपेक्षित है।

अतः प्रकरण मा0 कार्यकारिणी के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मुख्य नगर अधिकारी

23 27 13

**माननीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत आख्या**

---

विभाग का नाम : **सम्पत्ति विभाग**

विषयः- आश्रयहीनो हेतु भवनो के निर्माण हेतु ग्राम पारा की 59 बीघा भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण को स्थानान्तरित किया जाना।

---

**आख्या का सारांशः**

उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 5·8·2000 द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि ग्राम पारा की लगभग 60 बीघा नगर निगम की उपलब्ध भूमि आश्रयहीन योजना के भवन निर्माण हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण को शीघ्र हस्तान्तरित कर दी जाए, क्योंकि मा0 प्रधानमंत्री जी के आगामी कार्यक्रम मे आश्रयहीन भवनो का शिलान्यास किया जाना है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उक्त प्रस्ताव पर ग्राम पारा की खसरा सं0 2131 सं0 2205 सं0 2746 सं0 2855 सं0 एवम् 2599 सं0 की कुल 59 बीघे भूमि हस्तान्तरण हेतु चिन्हित की गई। उक्त भूमि नगर निगम मे निहित है तथा स्थल पर खाली पड़ी है।

जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा निर्धारित कृषक भूमि की दर रु0 4 लाख प्रति बीघे की दर से प्रश्नगत 59 बीघे भूमि का मूल्य रु0 2,36,00,000·00 होता है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा हस्तान्तरित की जाने वाली खसरा सं0 2746 की 39·09 बीघा भूमि का ले आउट प्लान तैयार किया गया है जिसकी प्रति उपलब्ध कराई गई है।

यद्यपि लखनऊ विकास प्राधिकरण को उक्त खसरा संख्या की 30 बीघा भूमि ही दिया जाना प्रस्तावित किया गया था क्योंकि इसी खसरा सं0 की 5 बीघा भूमि पीपुल फार एनीमल्स संस्था की पशुवंशी - के.. आश्रय एवम् चिकित्सालय निर्माण हेतु दिए जाने का प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति द्वारा पारित किया जा चुका है तथा मा0 सदन मे भी विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। मा0 सदन की उक्त बैठक का कार्यवृत्त अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा खसरा सं0 2746 की 39 बीघे भूमि प्लान तैयार कर लिए जाने के कारण उपलब्ध कराने पर बल दिया जा रहा है। अतएव पीपुल फार एनीमल्स को उपलब्ध भूमि मे से 5 बीघे भूमि आरक्षित कर ही शेष 59 बीघे भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराये जाने पर विचार किया जाना अपेक्षित है।

अतः प्रकरण मा0 कार्यकारिणी के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

28.8.2000

मुख्य नगर अधिकारी

O/c

28/8/2000